बड़ा सुख मिलता है मैया जी दरबार तुम्हारे आने से

बड़ा सुख मिलता है मैया जी दरबार तुम्हारे आने से,
सब कुछ पाया मैया रानी दीदार तुम्हारे पाने से,
बने सारे काम मिले मन को आराम तेरे चरणों में शीश झुकाने से,
बड़ा सुख मिलता है मैया जी दरबार तुम्हारे आने से,

खोल दे भंडारे मइयां सुन के जय कारे सुख झोली में हमारी ढाल दे,
तू है लाजवाब करे पुरे सारे खवाब हल सारे ही सवालों के निकाल दे,
थाम ले तू हाथ सुने दिल की तू बात विशवास की ज्योत जगाने से,
बड़ा सुख मिलता है मैया जी दरबार तुम्हारे आने से,

तेरा है कमाल करे मौज तेरे लाल तेरे होते फ़िक्र किस बात की,
रखती तू ख्याल लेती दुखो से निकाल मैया मेहर वाली सदा बरसात की ,
जागे है नसीब बंदा रहा न गरीब कुछ माँगा न ज़माने से,
बड़ा सुख मिलता है मैया जी दरबार तुम्हारे आने से,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/10959/title/bda-sukh-milta-hai-maiya-ji-darbar-tumhaare-aane-se

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |